# हिन्दी विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ

महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय मे समय समय पर अकादमिक गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के नवाचार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं|




इसी कड़ी में दिनांक 12 से 14 मार्च तक तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन कल दिनांक 12 मार्च को विश्वविद्यालय के हबीब तनवीर सभागार मे कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता मे सुबह 10 बजे किया गया। कार्यशाला का विषय है-"मूडल के माध्यम से ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण "। कार्यशाला के बारे मे प्रकाश डालते हुये शिक्षाविद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो अरबिन्द कुमार झा ने बताया की मूडल एक आधुनिक तकनीकी युक्त शैक्षणिक माडल है जिसके बारे मे पिछले कुछ वर्षों मे शिक्षाविदों तथा शिक्षको का ध्यान गया है।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि गुणवत्ता युक्त शिक्षण सामग्री तैयार करना आज सबसे बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए मूडल के द्वारा ऑनलाइन पाठ्यक्रम को गुणवत्ता के साथ तैयार किया सकता है। उद्घाटन सत्र मे कार्यशाला के विषय तथा विषय-विशेषज्ञों का परिचय

शिक्षाविद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अरबिन्द कुमार झा ने दिया।




आभार-प्रदर्शन कुलसचिव डॉ. राजेन्द्र मिश्र ने किया। उद्घाटन सत्र के बाद विश्वविद्यालय के लीला कंप्यूटर लैब मे एन.यू.ई.पी.ए(न्यूपा) नई दिल्ली के प्रो. श्रीनिवास ने दो तकनीकी सत्रों मे मूडल माडल के द्वारा शिक्षण सामग्री तैयार करने का प्रशिक्षण प्रतिभागियों को प्रदान किया।



आज दिनांक 13 मार्च को दो तकनीकी सत्रों मे 'मूक्स' ऑनलाइन पाठ्यक्रम का विस्तृत परिचय तथा प्रशिक्षण हिमांचल केन्द्रीय विश्वविद्यालय,धर्मशाला के प्रो.ओ.एस. शास्त्री ने दिया। कार्यशाला मे हिंदी विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य विश्वविद्यालयों तथा वर्धा के आस-पास के महाविद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति सराहनीय है। कार्यशाला का समापन कल दिनांक 14 मार्च, 2016 को होगा।